http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

# MP BOARD CLASS 12 PAPER 2014

# हिन्दी (विशिष्ट) : कक्षा XII

**प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का चयन कर कीजिए—** 5 × 1 = 5

(i) काव्य में सधुक्कड़ी भाषा का प्रयोग ............... ने किया है। *(कबीरदास/तुलसीदास)*

(ii) आधुनिक प्रेमचन्द ............... को कहते हैं। *(अज्ञेय/जैनेन्द्र कुमार)*

(iii) गौरा को किसी ने ............... में लपेटकर सुई खिला दी। *(रोटी/गुड़)*

(iv) कवित्त छन्द के प्रत्येक चरण में ............... होते हैं। *(31 वर्ण/33 वर्ण)*

(v) रचना के आधार पर वाक्य ............... प्रकार के होते हैं। *(तीन/आठ)*

उत्तर—(i) कबीरदास, (ii) जैनेन्द्र कुमार, (iii) गुड़, (iv) 31 वर्ण, (v) तीन।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों के लिए सही विकल्प चुनिए—** 5 × 1 = 5

**(i) पूरण पुराण और पुरुष पुराण हैं—**

(अ) राम, (ब) सरस्वती,
(स) गणेश, (द) शिव।

**(ii) तात्या टोपे के रहने की व्यवस्था कहाँ की गई थी ?**

(अ) पंचवटी में, (ब) पाड़ौन के जंगल में,
(स) किले में, (द) बांधवगढ़ में।

**(iii) कवि युवा वीरों को पुकारते हैं—**

(अ) विश्राम की घड़ी में, (ब) उद्योग की घड़ी में,
(स) संग्राम की घड़ी में, (द) परिवर्तन की घड़ी में।

**(iv) वीर रस का स्थायी भाव है—**

(अ) क्रोध, (ब) रौद्र, (स) उत्साह, (द) शोक।

**(v) मध्य प्रदेश में रीवा, सतना, सीधी, शहडोल आदि जिलों की प्रमुख बोली है—**

(अ) मालवी, (ब) निमाड़ी, (स) ब्रज, (द) बघेली।

उत्तर—(i) (अ), (ii) (ब), (iii) (स), (iv) (स), (v) (द)।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित कथनों में सत्य/असत्य छाँटिए—** 5 × 1 = 5

(i) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' आधुनिक युग के ऊर्जावान कवि हैं।

(ii) गौतम बुद्ध ने यशोधरा से भिक्षा में चिर-वियोग माँगा।

(iii) केदारनाथ और बद्रीनाथ के पुजारियों को रावल कहा जाता है।

(iv) शब्दों का कोई भी समूह वाक्य कहलाता है।

(v) माधुर्य गुण का सम्बन्ध चित्त की उत्तेजना वृत्ति से है।

उत्तर—(i) सत्य, (ii) सत्य, (iii) सत्य, (iv) असत्य, (v) असत्य।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित की सही जोड़ियाँ बनाइए—** 5 × 1 = 5

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (i) वापसी | (क) बोली |
| (ii) मंगलवर्षा | (ख) विभाषा |
| (iii) छोटे-छोटे सुख | (ग) उषा प्रियंवदा |
| (iv) साकेत | (घ) भवानीप्रसाद मिश्र |
| (v) ब्रज | (ङ) रामदरश मिश्र |
| | (च) मैथिलीशरण गुप्त |

उत्तर—(i) → (ग), (ii) → (घ), (iii) → (ङ), (iv) → (च), (v) → (क)।

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर दीजिए— $5 \times 1 = 5$

(i) मीरा की भक्ति किस भाव की है ?

(ii) 'भय' कायरता या भीरुता की संज्ञा कब प्राप्त करता है ?

(iii) डॉ. रामकुमार वर्मा की माताजी का क्या नाम था ?

(iv) 'वह गुणवान महिला है' का शुद्ध वाक्य क्या होगा ?

(v) जहाँ उपमेय को उपमान से श्रेष्ठ बताया जाए वहाँ कौन-सा अलंकार होता है ?

उत्तर—(i) दाम्पत्य भाव की, (ii) भय जब स्वभावगत हो जाता है, तब वह भीरुता की संज्ञा को प्राप्त करता है, (iii) राजरानी देवी, (iv) वह गुणवती महिला है, (v) व्यतिरेक।

प्रश्न 6. मीरा के अनुसार देह पर गर्व क्यों नहीं करना चाहिए ? 2

*अथवा*

नंद के आँगन में गोपियाँ क्यों एकत्र हुईं ?

प्रश्न 7. कबीर ने किसकी संगति करने के लिए कहा है ? 2

*अथवा*

बिजली की चमक देखकर कवि सखि को क्या सलाह देता है ?

प्रश्न 8. बसन्त के आगमन पर प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन होते हैं ? 2

*अथवा*

नदी द्वीप को आकार किस प्रकार देती है ?

प्रश्न 9. 'महत्ता' कविता में भारतवर्ष की किन-किन विशेषताओं का उल्लेख किया गया है ? कोई दो लिखिए। 2

*अथवा*

राम को नदी पार उतारने के लिए केवट कौन-सी शर्त रखता है ?

प्रश्न 10. 'नींव का पत्थर' से कवि का क्या तात्पर्य है ? 2

*अथवा*

बहन को भाई का ध्रुवतारा क्यों कहा गया है ?

प्रश्न 11. गजाधर बाबू के स्वभाव की दो विशेषताएँ बताइए। 2

*अथवा*

मकान छोटा होने के कारण विश्वनाथ किस बात से आशंकित है ?

प्रश्न 12. हिन्दी में उपन्यास सम्राट किसे कहा गया है ? उनके दो उपन्यासों के नाम लिखिए। 2

*अथवा*

भारतेन्दु युग के निबन्धों की दो विशेषताएँ बताइए।

प्रश्न 13. नाटक और एकांकी में दो अन्तर बताइए। 2

*अथवा*

संस्मरण और रेखाचित्र में दो अन्तर बताइए।

प्रश्न 14. गणेशशंकर विद्यार्थी के व्यक्तित्व की दो विशेषताएँ बताइए। 2

*अथवा*

देवकी कारागार में बैठी किस प्रकार के आनंद का अनुभव कर रही थी ?

प्रश्न 15. भाषा और बोली में दो अन्तर बताइए। 2

*अथवा*

मातृभाषा किसे कहते हैं ? मातृभाषा का ज्ञान होना क्यों आवश्यक है ?

प्रश्न 16. शान्त रस का उदाहरण लिखिए। 2

*अथवा*

यमक अलंकार का उदाहरण दीजिए।

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 17.** कवि किन सपूतों को जागरण का संदेश देना चाह रहा है ? **3**

*अथवा*

नैनो टेक्नोलॉजी क्या है ? इसके क्षेत्र-विस्तार के बारे में सम्भावनाएँ बताइए।

**प्रश्न 18. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए— 3**

(i) माथा ठनकना,

(ii) दाँतों तले उँगली दबाना,

(iii) अंधेर मचाना।

*अथवा*

**निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए—**

(i) उसने ताजमहल देखा है। *(प्रश्नवाचक)*

(ii) मेरे पास जो पेन है, मोहन का है। *(सरल वाक्य)*

(iii) लोकप्रिय लेखक का सम्मान सभी करते हैं। *(मिश्र वाक्य)*

**प्रश्न 19.** सवैया छन्द को उदाहरण सहित समझाइए। **3**

*अथवा*

महाकाव्य और खण्डकाव्य में **तीन** अन्तर बताइए।

**प्रश्न 20.** छायावाद की कोई **चार** विशेषताएँ लिखिए। **4**

*अथवा*

नई कविता की **तीन** विशेषताएँ बताते हुए **दो** प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

**प्रश्न 21.** युद्धक्षेत्र में स्वजनों को देखकर अर्जुन के मन में कौन-कौनसे भाव उत्पन्न होते हैं ? **4**

*अथवा*

मानसिंह के चरित्र की **चार** विशेषताएँ बताइए।

**प्रश्न 22.** 'उदयशंकर भट्ट' *अथवा* 'रामनारायण उपाध्याय' का साहित्यिक परिचय **निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए—** **4**

(1) दो रचनाएँ,

(2) भाषा-शैली,

(3) साहित्य में स्थान।

**प्रश्न 23. 'तुलसीदास' *अथवा* 'जयशंकर प्रसाद' का काव्यगत परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए— 4**

(1) दो रचनाएँ

(2) भावपक्ष-कलापक्ष

(3) साहित्य में स्थान।

**प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांश की प्रसंग एवं सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए— 4**

*लोटती है विजय चरणों पर उन्हीं के, जो बढ़े हैं,*
*तुच्छ कर सब आपदाएँ, धर्म पथ पर जो अड़े हैं।*
*विश्व झुकता है उन्हीं के सामने जो हैं झुकाते।*
*बदल कर बिगड़ी परिस्थिति, हो अभय जय गीत गाते।*
*बढ़ सभलकर, बन उन्हीं सा, प्राप्त कर तू फल अभीप्सित।*
*विजय है तेरी सुनिश्चित।*

*अथवा*

*बड़े न हूजे गुननि बिन, बिरद बढ़ाई पाय।*
*कहत धतूरे सों कनक, गहनो गढ़ौ न जाय॥*

**प्रश्न 25. निम्नलिखित गद्यांश की प्रसंग एवं सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए— 4**

*असल प्रकाश तो हमारे जीवन में छिपा हुआ है—सृजन का प्रकाश! आदमी का आचरण, आदमी का शील, आदमी का श्रम, आदमी का विवेक और आदमी की भावना जिसे छू लें, वह प्रकाशित हो जाये। बड़े-बड़े अंधेरों को तराशकर ये प्रकाश-निर्झर बहा दें। जवारों जैसे पीताभ*

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

*गेहूँ के पौधे क्या यह संदेश नहीं देते कि सृजन की यात्रा कभी रुकती नहीं ? उसे अंधेरे बन्द कमरों में भी नहीं रोका जा सकता।* ***अथवा***

*"यह संसार क्षणभंगुर है। इसमें दु:ख क्या और सुख क्या ? जो जिससे बनाया है वह उसी में लय हो जाता है—इसमें शोक और उद्वेग की क्या बात है ? यह संसार जल का बुदबुदा है, फूटकर किसी रोज जल में ही मिल जाएगा। फूट जाने में ही बुदबुदे की सार्थकता है। जो यह नहीं समझते, वे दया के पात्र हैं।"*

**प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** **5**

*"कर्मठता लक्ष्य की निश्चितता, उत्कृष्ट अभिलाषा एवं सतत् प्रयत्न के समन्वित स्वरूप का नाम है। कोरा श्रम साध्य नहीं, यह तो बालकों के खेल और पशुओं की दौड़ से भी होता है। सही श्रम तो वही है, जो कुछ ठोस परिणाम देता है। मेरी दृष्टि से यही कर्मठता है। जिस देश में कर्मठजनों का जितना प्रतिशत होता है, वह देश तदनुकूल ही प्रगति अथवा अवनति करता है। अत: शिक्षण का सही उद्देश्य देश में ऐसे कर्मठजनों का निर्माण एवं उत्तरोत्तर उनका प्रतिशत बढ़ाना है।"*

**प्रश्न—(1) सही श्रम किसे कहते हैं ?**

**(2) शिक्षण का सही उद्देश्य बताइए।**

**(3) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।**

**(4) उपर्युक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक दीजिए।**

**प्रश्न 27.** उत्तर-पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन हेतु सचिव, मा. शिक्षा मण्डल, भोपाल को एक आवेदन-पत्र लिखिए। ***अथवा*** **5**

नगर पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर सूचित कीजिए कि आपके मोहल्ले में चोरी की घटनाओं में वृद्धि हो रही है।

**प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में सारगर्भित निबन्ध लिखिए—** **7 + 3 = 10**

(i) भ्रष्टाचार : समस्या और निदान,
(ii) भारतीय समाज में नारी का स्थान,
(iii) अनुशासन का महत्त्व,
(iv) परहित सरिस धर्म नहिं भाई।

**(ब) किसी एक निबंध की संक्षिप्त रूपरेखा लिखिए—**

(i) पर्यावरण प्रदूषण,
(ii) राष्ट्रनिर्माण में छात्रों का महत्व,
(iii) विज्ञान : वरदान या अभिशाप।

http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zsubjects.com